# कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सचिवालय परिसर 4–सुभाष रोड़, देहरादून– 248001

Email id-ceo uttaranchal@eci.gov.in — फोन न0 (0135) 2713551

election09@gmail.com — फोन न0 (0135) 2713552


संख्या– 1668/XXV–12(11)/2018 देहरादून : दिनांक 01 सितम्बर, 2021

**Email/Speed Post**

सेवा में,

सचिव,
मा0 उत्तराखण्ड सूचना आयोग,
सूचना का अधिकार भवन,
लाडपुर, रिंग रोड, देहरादून।
secy-uic@gov.in

विषय– **माननीय आयोग द्वारा आरोपित की गयी क्षतिपूर्ति/दण्ड/विभागीय कार्यवाही/माननीय उ न्यायालय नैनीताल द्वारा प्राप्त स्थगन आदेश के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक मा0 उत्तराखण्ड सूचना आयोग के पत्र संख्या–5137/मु0सू0आ0/उ0सू0आ0/दण्ड/2021 दिनांक 29 सितम्बर 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें अपीलों/शिकायतों में मा0 आयोग द्वारा विभागीय कार्यवाही/शास्ति/क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गयी हैं तथा अधिरोपित विभागीय कार्यवाही/शास्ति/क्षतिपूर्ति की धनराशि सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी के वेतन से आहरित कर राजकोष में जमा करवाये जाने के निर्देश दिये गये गये हैं। इस सम्बन्ध में निम्न प्रकार निवेदन करना है–

1– क्र0सं0–1 अपील संख्या–A1882 जिसमें अपीलकर्ता एवं प्रतिवादियों का विवरण श्री रोशन सिंह कैंतुरा पुत्र स्व0 श्री पूरन सिंह कैन्तुरा, बालावाला देहरादून प्रतिवादी 1–लोक सूचना अधिकारी, जिला विकास अधिकारी देहरादून। 2–विभागीय अपीलीय अधिकारी स0 जिला निर्वाचन अधिकारी पंचस्थानी पंचायत चुनाव देहरादून है। **इस कार्यालय से सम्बन्धित न होकर मा0 राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड से सम्बन्धित है।**

2– क्र0सं0–3 अपील संख्या–A29716 जिसमें अपीलकर्ता एवं प्रतिवादियों का विवरण श्री मुनेन्द्र सिंह रावत, पुत्र श्री पी0एस0 रावत, 60 विद्या विहार फेस–1, कारगी रोड़, देहरादून–248001,/कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, पंचास्थानि चुनावालय, जिला टिहरी गढ़वाल/कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी पंचास्थानित चुनावालय, जिला टिहरी–गढ़वाल है। **इस कार्यालय से सम्बन्धित न होकर मा0 राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड से सम्बन्धित है।**

3– क्र0सं0–2 अपील संख्या– A7803 इस कार्यालय से सम्बन्धित है जिसके क्रम में निवेदन सहित अवगत कराना है कि श्री मस्तू दास, लोक सूचना अधिकारी/तत्कालीन अनुभाग अधिकारी (वर्तमान पदनाम सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी) द्वारा कोषागार चालान संख्या–00782 दिनांक 23 जून 2012 द्वारा रू0 2,500/– (रू0 दो हजार पांच सौ) मात्र की धनराशि लेखाशीर्षक– 0070–अन्य प्रशासनिक सेवायें, 60–अन्य सेवायें, 800–अन्य प्राप्तियां, 06–अन्य प्रर्कीण प्रतियां में जमा की गयी है। जिसकी प्रति पूर्व ही इस कार्यालय के पत्र संख्या–859 दिनांक 04 जुलाई 2012 द्वारा प्रेषित की जा चुकी है। सुलभ सन्दर्भ हेतु निवेदन सहित उक्त चालान की प्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही है, साथ सूचना का विवरण निम्नवत है–

| अपील/शिकायत संख्या | निस्तारण का दिनांक | शास्ति/क्षतिपूर्ति | मा0 हाईकोर्ट द्वारा दिये गये स्थगन आदेश (यदि स्थगन हुआ है तो उसका प्रमाण) | अनुपालन कर दिया हो तो उसका प्रमाण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| A7803 | 25–05–2012 | रू0 2,500/– | --- | हॉ शास्ति की धनराशि जमा की गयी है। | चालान सं0–00782 दिनांक 23 जून 2012 द्वारा उक्त लेखाशीर्षक में शास्ति की धनराशि जमा की गयी है। |

अतः उक्तानुसार सूचना मा0 उत्तराखण्ड सूचना आयोग को सूचना सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित करने के मुझे निदेश प्राप्त हुए हैं। कृपया प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

(मस्तू दास)
सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उत्तराखण्ड।

# कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड

**विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सचिवालय परिसर 4–सुभाष रोड़, देहरादून– 248001**

**Email id-ceo uttaranchal@eci.gov.in** फोन न0 (0135) 2713551

**election09@gmail.com** फोन न0 (0135) 2713552


**संख्या– 1667/XXV–12(11)/2018** **देहरादून : दिनांक 30 सितम्बर, 2021**

**सेवा में,**

सचिव,
मा0 उत्तराखण्ड सूचना आयोग,
सूचना का अधिकार भवन,
लाडपुर, रिंग रोड, देहरादून।
secy-uic@gov.in

विषय– **सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 की 16वीं वर्षगांठ के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक मा0 उत्तराखण्ड सूचना आयोग के पत्र संख्या–5056 दिनांक 24 सितम्बर 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें निर्देशित किया गया है कि कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत इस वर्ष मा0 उत्तराखण्ड सूचना आयोग के द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की 16वीं वर्षगांठ का आयोजन वेबीनार के माध्यम से दिनांक 12 अक्टूबर 2021 को अपरान्ह 03:00 बजे से 05:30 बजे तक किया जा रहा है जिस हेतु लोक सूचना अधिकारियों /विभागीय अपीलीय अधिकारियों में से किन्हीं दो अधिकारियों को Google Meet लिंक meet.google.com/wst-zqua-ikf के माध्यम से वेबीनार में प्रतिभाग किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय उत्तराखण्ड से लोक सूचना अधिकारी /विभागीय अपीलीय अधिकारियों से सम्बन्धित विवरण निम्न प्रकार है जो उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर वेबीनार में प्रतिभाग करेंगें।

| क्र0सं0 | अपीलीय/लोक सूचना अधिकारी का नाम पदनाम | मो0न0/व्हट्स एप न0 | ई–मेल आई0डी |
|---|---|---|---|
| 1– | श्री मस्तू दास, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी | 9897995591 | election09@gmail.com |
| 2– | श्री बसन्त सिंह रावत, अनुभाग अधिकारी | 9411740189 | election09@gmail.com |

अतः उक्तानुसार सूचना मा0 उत्तराखण्ड सूचना आयोग को सूचना सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित करने के मुझे निदेश प्राप्त हुए हैं। कृपया प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

भवदीय,

**(मस्तू दास)**
सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उत्तराखण्ड।

**पृ0संख्या 1667/XXV–12(11)/2018, तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि– 1–समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड को मा0 उत्तराखण्ड सूचना आयोग के उक्त पत्र की प्रति संलग्न करते हुए इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया जिला निर्वाचन कार्यालयों के अपीलीय अधिकारी/लोकसूचना अधिकारी का विवरण मा0 उत्तराखण्ड सूचना आयोग को अविलम्ब उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

2–प्रतिलिपि सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं अनुभाग अधिकारी, को मा0 सूचना आयोग के उक्त पत्र की प्रति सहित अनुपालनार्थ प्रेषित।

**(मस्तू दास)**
सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उत्तराखण्ड।

# उत्तराखण्ड सूचना आयोग

**सूचना का अधिकार भवन, लाडपुर, रिंग रोड, देहरादून**

दूरभाष न0– 0135–2662021, फैक्स न0– 0135–2662180

ईमेल : **secy-uic@gov.in** वैबः **http://uic.gov.in**


पत्रांक 5056 /उ0सू0आ0/2021–22 दिनांक 24/09/2021

**प्रेषक,**

**सचिव,**
**उत्तराखण्ड सूचना आयोग,**
**देहरादून**

**सेवा में,**

**समस्त विभागाध्यक्ष**
**उत्तराखण्ड।**

**विषय :– सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की 16वीं वर्षगांठ के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत इस वर्ष उत्तराखण्ड सूचना आयोग के द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की 16वीं वर्षगांठ का आयोजन वेबीनार के माध्यम दिनांक 12 अक्टूबर, 2021 को अपराह्न 03.00 बजे से 05.30 बजे तक किया जा रहा हैं। वेबीनार में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मा0 केन्द्रीय मुख्य सूचना आयुक्त श्री बिमल जुल्का को आमंत्रित किया गया है। प्रस्तावित वेबीनार में सूचना का अधिकार अधिनियम पर अपने विचार रखे जाने हेतु मुख्य अतिथि के अतिरिक्त श्री शत्रुघ्न सिंह, पूर्व मा0 राज्य मुख्य सूचना आयुक्त एवं डॉ0 बी0पी0 मैठानी, अध्यक्ष, आर0टी0आई0 क्लब, को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर मा0 आयोग के द्वारा समस्त विभागों से एक–एक लोक सूचना अधिकारी और विभागीय अपीलीय अधिकारी को प्रतिभा हेतु आमंत्रित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

मा0 आयोग के उपरोक्त निर्णय के कम में अधोहस्ताक्षरी को आपसे यह अनुरोध करने के निर्देश हुए है कि कृपया विभाग में नामित लोक सूचना अधिकारियों/विभागीय अपीलीय अधिकारियों में से किन्हीं दो अधिकारियों को संलग्न Google Meet लिंक से दिनांक 12 अक्टूबर, 2021 को अपराह्न 03.00 बजे प्रतिभाग किये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। आमंत्रित वक्ताओं से सूचना का अधिकार अधिनियम के संबंध में किसी पृच्छा हेतु प्रतिभागियों के लिए 10 मिनट का समय रखा गया है। प्रतिभागीगण आमंत्रित वक्ताओं से अपने–अपने प्रश्न भी पूछ सकते हैं। प्रतिभाग हेतु नामित अधिकारी के नाम, पदनाम, मो0न0/व्हट्स एप न0 एवं ई–मेल आई0डी0 आयोग की ई–मेल आई.डी. **secy-uic@gov.in** पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्न – यथोपरि।

Addl C.E.O

(सौजन्या)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
उत्तराखण्ड
27-9-2021

Jt. C.E.O

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उत्तराखण्ड, देहरादून
A.C.E.O 27-9-2021

**भवदीय**
22/09/2021
**(प्रकाश चन्द्र दुम्का)**
**सचिव**

DY. C.E.O

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी
उत्तराखण्ड 28-9-21

(जितेन्द्र कुमार)
उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी
उत्तराखण्ड 28-9-2021

S.O (R)

A.R.O II
BS Rawat
29-9-21
S.O

29/9/2021
ACEO